युवराज

NEWS TODAY Update

# न्यूज़ टुडे

RNI:- BIHHIN05409

www.newstodayupdate.in

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

आपकी आवाज़

वर्ष : 06 अंक : 13+1 तिथि : 01 जुलाई 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना - 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अस्थाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272


## न्यूज़ टुडे लॉक डाऊन स्पेशल रोजाना अंक

## गरीबों एवं श्रमिकों को और पांच महीनों तक फ्री अनाज, फिर बिहार का सबसे पावन पर्व छठ का जिक्र करके सीएम-पीएम की जोड़ी ने बिहार एनडीए को लीड दिला दी



न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव




डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

**【ट्विटर में पीएम नरेंद्र मोदी ने भोजपुरी भाषा में ट्वीट करते हुए लिखा- ई गरीबजन के सम्मान सुनिश्चित करे वाला बा. प्रधानमन्त्री गरीब कल्याण अन्न योजना के आगे बढ़ावला से देश भर के करोड़ों लोगन के फैदा होई. यानी इससे गरीब लोगों का सम्मान सुनिश्चित होगा. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को आगे बढ़ाने से देश भर के करोड़ों लोगों को फायदा होगा. राजनीतिक जानकारों का कहना है कि गरीबों के फायदे की इस बात में सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में चुनावी बढ़त की भी बात छिपी हुई है.】**

गरीबों एवं श्रमिकों को और पांच महीनों तक फ्री अनाज, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का नवंबर तक अवधि विस्तार, फिर बिहार का सबसे पावन पर्व छठ का जिक्र करके सीएम–पीएम की जोड़ी ने बिहार एनडीए को लीड दिला दी. इसके बाद उनके ट्विटर अकाउंट पर भाषण का भोजपुरी में अनुवादित संस्करण का वीडियो अपलोड किया गया. ट्विटर में पीएम नरेंद्र मोदी ने भोजपुरी भाषा में ट्वीट करते हुए लिखा– ई गरीबजन के सम्मान सुनिश्चित करे वाला बा. प्रधानमन्त्री गरीब कल्याण अन्न योजना के आगे बढ़ावला से देश भर के करोड़ों लोगन के फैदा होई. यानी इससे गरीब लोगों का सम्मान सुनिश्चित होगा. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को आगे बढ़ाने से देश भर के करोड़ों लोगों को फायदा होगा. राजनीतिक जानकारों का कहना है कि गरीबों के फायदे की इस बात में सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में चुनावी बढ़त की भी बात छिपी हुई है.

**पीएम मोदी का भोजपुरी में ट्वीट और बिहार चुनाव से कनेक्शन**

हालांकि पीएम मोदी के इस पूरे संबोधन को भोजपुरी के साथ तेलुगु, तमिल, असमिया, मराठी, पंजाबी, बांग्ला, कन्नड़, गुजराती, लद्दाखी, उड़िया, मलयालम, मैथिली, कश्मीरी, मणिपुरी समेत 15 भारतीय भाषाओं में भी जारी किया गया है. पर सबसे अधिक चर्चा पीएम मोदी के भोजपुरी में किए गए ट्वीट को लेकर ही हो रही है. राजनीतिक जानकार मानते हैं कि पीएम मोदी के गरीब कल्याण अन्न योजना के विस्तार का ऐलान बिहार में साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव का समीकरण साधने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और इससे कहीं न कहीं नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए को फायदा मिलेगा.

**एनडीए का रास्ता आसन कर गया पीएम मोदी का संबोधन**

बिहार में अक्टूबर– नवंबर में बिहार विधानसभा चुनाव होना है. इसमें कोरोना संकट और लॉकडाउन के चलते देश के अलग–अलग राज्यों से बिहार वापस लौटे 30 लाख से अधिक श्रमिक इस बार के चुनाव में काफी अहम रोल निभाने वाले हैं. बिहार में सियासी जीत–हार का रास्ता इनके समर्थन या विरोध पर काफी निर्भर करेगा. ऐसे में श्रमिकों को फायदा पहुंचाने की बात और गरीब कल्याण की योजनाएं बिहार सरकार की नाकामियों पर भी पर्दा डाल सकती है और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में एनडीए की सरकार बनने का रास्ता आसान कर सकती है.

**पीएम मोदी का संबोधन बिहार की सियासत के लिए अहम मोड़**

बिहार में 8.71 करोड़ गरीब परिवार हैं, जिन्हें सरकार तीन महीने का राशन उपलब्ध करा चुकी है. इसके अलावा अन्य प्रदेशों से आए श्रमिकों व गैर राशनकार्डधारी 86 लाख 40 हजार लोगों को सरकार ने राशन उपलब्ध कराया है. इससे भी अधिक जो भी श्रमिक लौटे और जो क्वारंटाइन सेंटर में रहे, उन्हें प्रतिदिन के हिसाब से एक निश्चित रकम का भी भुगतान किया गया. साथ ही यूज किए गए बर्तन, कपड़े इत्यादि चीजें भी ले जाने को कहा गया. माना जा रहा है कि सीएम नीतीश ने जिस रणनीति के तहत ये सब किया है, पीएम मोदी का संबोधन इसी कड़ी का विस्तार है.

**पीम मोदी का संबोधन में वोटों के समीकरण पर भी रही नजर**

बीते 20 जून को पीएम मोदी ने इससे पहले गरीब कल्याण रोजगार योजना की शुरुआत भी बिहार से ही की है. इसके जरिए देश के अलग–अलग शहरों से बिहार वापस लौटे श्रमिकों को 25 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है. देश भर के कुल 116 जिलों में शुरू किए गए इस कार्यक्रम में अकेले बिहार के ही 32 जिले शामिल हैं. जाहिर है इसके पीछे गरीबों को राहत पहुंचाने की बात के साथ ही सियासी बढ़त के लिए वोटों का समीकरण भी नजर में रखा गया है.


**सीएम नीतीश और पीएम मोदी की जोड़ी और विपक्ष की खीझ**

ऐसा नहीं है कि विपक्ष इस बात को नहीं समझ रहा है, लेकिन वह कुछ करने की स्थिति में नहीं है. बकौल रवि उपाध्याय आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव के इस बयान से उनकी स्थिति समझी जा सकती है जिसमें उन्होंने कहा कि– बिहार में जब लोग मर रहे हैं तो इन्हें चुनाव प्रचार की फिक्र लगी हुई है. बिहार की हालत काफी खराब है. पीएम एक दिन बिहार आएं तो सही तरीके से पता चलेगा. नीतीश कुमार तो पिछले 90 दिनों से घर से निकले ही नहीं और एक दिन निकले तो पर्दा लगाकर निकले.

**सीएम-पीएम की जोड़ी ने बिहार एनडीए को लीड दिला दी**

पीएम मोदी का गरीब कल्याण योजनाओं के आसरे बिहार लौटे करीब 30 लाख मजदूरों से जुड़ने की ये नीति सीएम नीतीश के लिए कारगर साबित हो सकती है. इसके लिए नीतीश कुमार ने भी कई जिलों के मजदूरों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मजदूरों से संवाद किया था. साथ ही उन्होंने केंद्र के सहयोग से श्रमिक स्पेशल ट्रेनों के जरिये मजदूरों को वापस भी बुलाने में पहल की थी. जाहिर है कोरोना काल में विपक्ष का खुल कर जनता के बीच नहीं जा पाने की मजबूरी के बीच सीएम–पीएम की जोड़ी ने बिहार में एनडीए को फिलहाल लीड तो दिला ही दी है.

## इस बार अपराधिक रिकॉर्ड रखने वाले दागी प्रत्याशियों को किसी राजनीतिक दल का टिकट पाने में छूटेंगे पसीने



बिग ब्रेकिंग




ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

कोरोनाकाल में ये कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव का स्वरूप क्या होगा? विशेष करके तब, जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वर्चुअल रैली के माध्यम से बिहार की जनता को संबोधित किया, तब से ही लगने लगा कि आने वाले चुनाव का स्वरूप कुछ अलग होगा। लेकिन, राजनीतिक दलों की तैयारी से अलग निर्वाचन आयोग भी एक अलग प्रकार की तैयारी कर रहा है। सूत्रों की मानें, तो इस बार अपराधिक रिकॉर्ड रखने वाले दागी प्रत्याशियों को किसी राजनीतिक दल का टिकट पाने में पसीने छूट सकते हैं।

बिहार निर्वाचन विभाग से ऐसे संकेत मिले हैं कि आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में अगर कोई राजनीतिक दल किसी दागी व्यक्ति को टिकट दे रहा है, तो उसे स्पष्टीकरण देना होगा कि किस मजबूरी में दागी अथवा आपराधिक रिकॉर्ड रखने वाले व्यक्ति को टिकट दिया गया। इतना ही नहीं टिकट देने के 48 घंटे पूर्व अखबारों में विज्ञापन के माध्यम से स्पष्टीकरण सार्वजनिक करना होगा।

निर्वाचन विभाग द्वारा इस प्रकार के कदम उठाए जाने की भनक लगते ही राजनीतिक दलों के साथ–साथ चुनाव लड़ने की मंशा पाल रखे नेताओं को अभी से ही चिंता सताने लगी है।

## अपने थाने की गाड़ी से ही पेट्रोल चोरी करता कैमरे में कैद हुआ पुलिसकर्मी, एसपी ने गिरफ्तार करवा कर जेल भेजा, 27 जून को भी अवैध वसूली के मामले में एक दारोगा हुआ था सस्पेंड



अपराध




आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

पुलिस का काम चोरों को पकड़ना होता है, लेकिन पुलिस अगर खुद ही चोरी करने लगे तो इसे क्या कहेंगे. कुछ ऐसा ही वीडियो छपरा में सामने आया है, जहां एक पुलिसकर्मी अपने थाने की गाड़ी से ही पेट्रोल चोरी करता कैमरे में कैद हो गया. जिस वक्त यह पुलिसकर्मी अपनी पुलिस गश्ती गाड़ी से तेल की चोरी कर रहा था, तभी किसी शख्स ने इसका वीडियो बना लिया और एसपी के पर्सनल मोबाइल पर भेज दिया. इसके बाद एसपी हरकिशोर राय ने इस पुलिसकर्मी की पहचान की और आरोपी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार करवा कर जेल भेज दिया.

**महिला थाना की जिप्सी चलाता था आरोपी**

इस पुलिस जवान की पहचान होमगार्ड के कांस्टेबल वकील राय के रूप में की गई है. वह महिला थाने में ड्राइवर का काम करता था और आए दिन पुलिस गाड़ी से पेट्रोल चोरी कर बेच दिया करता था. लेकिन, जनता ने ही इस पुलिसवाले को चोरी करते पकड़ लिया. घटना के संबंध में बताया गया है कि वकील द्वारा पुलिस जिप्सी को भगवान बाजार थाना अंतर्गत एक गैरेज में रिपेयरिंग के लिए ले जाया गया था, जहां उसके द्वारा पुलिस वाहन का पेट्रोल चोरी किया जा रहा था. इसका वीडियो किसी के द्वारा एसपी को भी भेजा गया.

**एफआईआर के बाद भेजा गया जेल**

इस वीडियो पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला थानाध्यक्ष को होमगार्ड के जवान पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया गया. इस मामले में महिला थानाध्यक्ष द्वारा उक्त होमगार्ड के जवान के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए भगवान बाजार थानाध्यक्ष ने उस होमगार्ड के जवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

**२७ जून को भी अवैध वसूली के मामले में एक दारोगा हुआ था सस्पेंड**

बीते 27 जून को भी सड़क पर वाहनों से अवैध वसूली के मामले में सारण एसपी हर किशोर राय ने कार्रवाई करते हुए एक सब इंस्पेक्टर को सस्पेंड किया था और ट्रैफिक होमगार्ड के एक जवान को गिरफ्तार कर जेल भेजा था. इस दौरान जलालपुर थाना के सब इंस्पेक्टर मधु शर्मा द्वारा ट्रकों से अवैध वसूली करते पाया गया था. इसको लेकर उन्हें तत्काल सस्पेंड किया गया था. वहीं, ट्रैफिक होमगार्ड के जवान संतोष कुमार को मोटरसाइकिल चालक से घूस लेते हुए पकड़े जाने पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था.


बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
A unit of Yuvaraj Media Entertainment
Contact for News & Advt.: 9471005272, 8210595830






Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# ब्रावो फाउंडेशन व ब्रावो फार्मा के लिए रोजगार मेला के उपरांत द्वितीय चरण में दो ट्रेड के लिए साक्षात्कार सम्पन्न



अनुकरणीय पहल

सम्राट, संवाददाता




श्रम संसाधन विभाग जिला नियोजनालय, ब्रावो फाउंडेशन व ब्रावो फार्मा के संयुक्त तत्वावधान में गत 24 जून को नगर भवन के प्रसाल में एक सौ ग्यारह रिक्तियों के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया गया था जिसमे उन्नीस ट्रेड में लगभग सात सौ आवेदन पत्र प्राप्त हुआ था जिसमे बुधवार को आवेदन के स्क्रूटनी के पश्चात दो ट्रेड फीमेल स्टाफ फॉर मास्क एवम प्रोटेक्टिव गियर मेकिंग में पंद्रह रिक्तियों के लिए तीस महिलाओं का साक्षात्कार हुआ वही सेल्स एंड मार्केटिंग में दो रिक्तियों के लिए छह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार संयुक्त श्रम भवन, नियोजनालय, मोतिहारी में जिला कौशल प्रबंधक सुधीर कुमार व ब्रावो फाउंडेशन के स्थानीय कार्यालय प्रबंधक नीरज कुमार ने किया।

ब्रावो फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक सह ब्रावो फार्मा के चेयरमैन राकेश पांडेय ने लंदन से बताया कि वैश्विक महामारी कोरोना के कारण बेरोजगारी एक बहुत बड़ी चुनौती के रूप में हम सभी के सामने आ गया है जिसे हम समाज के सभी सक्षम लोगों को मिलकर अपने चम्पारण के लोगों का मदद करना होगा और चुनौतियों से लड़ना होगा।

श्री पांडेय ने आगे बताया कि ब्रावो फाउंडेशन व ब्रावो फार्मा इसी समस्या को दूर करने का एक छोटा सा प्रयास अपने स्तर से करते हुए एक सौ ग्यारह लोगों को रोजगार मुहैया कराने जा रहा है जिसमे बुधवार को जो दो ट्रेड के लिए साक्षात्कार सम्पन्न हुआ है उसमें से चयनित अभ्यर्थियों को एक सप्ताह के अन्दर नियुक्ति पत्र दे दिया जाएगा।बाकी ट्रेड के लिए भी अभ्यर्थियों को आवेदन स्क्रूटनी के पश्चात साक्षात्कार के लिए क्रमानुसार जल्द से जल्द बुलाया जाएगा। मौके पर फाउंडेशन के विवेक कुमार, राजेश रंजन, चुलबुल पांडेय, श्रीमती अंजनी तिवारी, विनय कुमार, अभिषेक कुमार इत्यादि मौजूद थे।

# मोतिहारी विधानसभा की वर्चुवल रैली में कार्यकर्ताओं से रू-ब-रू हुए उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी

वर्चुअल रैली



संतोष राऊत
न्यूज टुडे,




पूर्वी चंपारण जिले के पीपराकोठी प्रखंड में मोतिहारी विधानसभा की वर्चुवल रैली उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के द्वारा किया गया। जिसको पंचायत स्तर पर भाजपा नेताओं ने कार्यक्रम आयोजित कर उनके कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। यह मोतिहारी विधानसभा की पहली वर्चुवल रैली थी जिसको सोसल मिडिया के सभी पलेटफॉर्म से जुड़ कर लोगो ने भाग लिया। पिपराकोठी प्रखंड के सभी बूथों से इस रैली में काफी संख्या में कार्यकर्ताओ ने जुड़ कर लाइव प्रसारण देखा। इसकी मॉनेटरिंग एव महामंत्री राजकिशोर सिंह ने किया।

सभी बूथ अध्यक्ष सक्ति केंद्र प्रमुख आईटी सेल के सभी कार्यकर्ताओ को प्रत्येक पंचायत में प्रभारी बना कर जिम्मेवारी सौपी गई थी जिससे इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगो को जोड़ा गया और सफल रहा। इसके तहत स्थानीय मयावृज मार्केट में जिला मंत्री पुजेश श्रीवास्तव, भाजयुमो अध्यक्ष राजू सिंह पटेल, टुन्ना गिरी, बंटी पटेल सिंह,अम्बिका शर्मा रंजन गुप्ता, राजू पंडित, धनंजय चौधरीके नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दक्षिणी ढेकहा में बिंदेश्वर प्रसाद ,रवि राज, सूर्यपुर में गौरीशंकर प्रसाद ,कुमार राजेश सिंह, गुड्डू सिंह सलेमपुर में बिनोद साह, आशिष कु पांडेय गोविंदापुर टिकैता में उमेश कु गिरी, म.जलालुदीन राय , पंडितपुर में राजू सिंह ,अरुणोदय पांडेय के अगुवाई में कार्यक्रम को लोगों ने देखा।

# थर्मल स्क्रीनिंग, मास्क के साथ बाबा को मंदिर विकास के लिए नकद भेंट



अच्छी पहल

सम्राट, संवाददाता




साईं मंदिर मिस्कॉट मोतिहारी में आज राष्ट्रीय गो वंश के सरंक्षक सह राज्यपाल बिहार द्वारा मनोनीत सिंडीकेट सदस्य मयंकेश्वर सिंह ने श्रीसाई बाबा ट्रस्ट मोतिहारी को मंदिर के लिए थर्मल स्क्रीनिंग, मास्क और बाबा को भेंट स्वरूप मंदिर विकास के लिए नकद 5100 रूपये दान पेटी में दिया।

मीडिया प्रभारी सुधीर कुमार गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर ट्रस्टी अशोक डालर, अध्यक्ष अमित कुमार सेन, संजय कुमार"टुन्ना", सत्येन्द्र नाथ वर्मा उर्फ कुँवर जी, अमरेन्द्र सिंह एवं मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक और संजय मिश्रा सहित अन्य साईं भक्त उपस्थित थे।

ट्रस्ट की तरफ से इन्हें साई बाबा के प्रसाद स्वरूप चादर देकर सम्मानित किया गया। तथा उनके मंगल कामना के लिए साईं बाबा से पुजारी द्वारा प्रार्थना की गई! साईं बाबा का भेंट स्वरूप प्रसाद चादर एवं दर्शन कर वे बहुत ही खुश हुए। श्री सिंह ने मंदिर में बराबर आने जाने की बात कह कर मंदिर के विकास में हर संभव मदद करने की बातें कहीं।

# शादी समारोह में शामिल 80 लोग कोरोना पॉजिटिव, दूल्हे की पहले ही हो चुकी है मौत, बाजार सील, इलाके में पुलिस कर रही फ्लैग मार्च



लापरवाही

रिंकू गिरी,
संवाददाता




पटना से सटे पालीगंज में एक शादी समारोह के कारण हुए कोरोना विस्फोट को लेकर अब जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है. कोरोना विस्फोट की इस घटना में जहां शादी के दो दिन बाद ही दूल्हे की मौत हो गई थी तो वहीं पालीगंज के विभिन्न गांव के 111 लोग कोरोना पॉजिटिव हो गए थे जिसमें से लगभग 80 लोगों का कनेक्शन उस शादी समारोह से है. फिलहाल पालीगंज के सात जगहों को सील कर दिया गया जहां से कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट्स आये हैं.

**डीएम ने दिये जांच के आदेश**

पटना के जिलाधिकारी कुमार रवि ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पालीगंज के अनुमंडल पदाधिकारी को इस मामले की जांच करने का आदेश दिया है. डीएम ने कहा कि अगर शादी समारोह में मानकों का उल्लंघन पाया गया तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

**पालीगंज बाजार सील**

पटना के पालीगंज के बाजार को पूरी तरह से लॉक कर दिया गया है, इस दौरान केवल वही दुकानें खुली रहेगी जो लॉकडाउन के समय खुली रहती थीं. पालीगंज बीडीओ चिरंजीवी पांडेय में बताया कि डीहपाली, मीठा कुआं, मेरा, बीबीपुर, निरखपुर, बाबा बोरिंग रोड और पुरानी बाजार को सील कर दिया गया है. इन इलाकों के हर निकास द्वार को बांस से सील कर दिया गया है और सुबह से ही लाऊड स्पीकर के माध्यम से लोगो को सचेत किया जा रहा है. घर के बाहर नही निकलने और बिना जरूरी काम के गांव के बाहर नहीं जाने की अपील की जा रही है. हर बैरिकेटिंग के पास दंडाधिकारी को लगाया गया है तथा उस इलाके के जागरूक पंचायत प्रतिनिधि की मदद ली जा रही है ताकि कम से कम लोग घर से बाहर निकले और इस कोरोना महामारी से बचे रहे.

**इलाके में पुलिस कर रही फ्लैग मार्च**

कोरोना से संक्रमित होने की बड़े पैमाने पर मामले आने के बाद पालीगंज अनुमण्डल बाजार लगभग बन्द हो चुका है. सब्जी मंडी हो या अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान लगभग सभी बन्द हो चुके हैं. सिर्फ इक्के–दुक्के ही आवश्यक वस्तुओं की दुकानें खुली नजर आईं. बीडीओ चिरंजीवी पांडेय में बताया कि कोरोना के मामले बढ़ने के साथ ही पुलिस प्रशासन ने पूरे बाजार में फ्लैग मार्च किया और सभी दुकानों को बंद कराया गया. जहां जरूरी सामानों के दुकान पहले की तरह छह बजे सुबह से दस बजे तक और तीन बजे से शाम छह बजे तक ही खुलेंगे.

# अनलॉक 2.0 आज से शुरू, बिहार सरकार ने भी गाइडलाइंस जारी कर दी, दिशा निर्देशों को कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करने का आदेश

अनलॉकडाउन 2.0



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




बिहार सरकार ने भी अनलॉक–2.0 को लेकर गाइडलाइंस जारी कर दी है. बिहार सरकार की यह गाइडलाइन केंद्र द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के बाद आई है. बिहार में बुधवार 1 जुलाई से अनलॉक–2.0 अमल में आ गया है. यह 31 जुलाई 2020 तक प्रभावी रहेगा. कोविड–19 संक्रमण को रोकने के लिए शर्तों के साथ अनलॉक 2.0 में पहले की तरह ही छूट दी गई है. केंद्र सरकार द्वार जारी आदेश के आलोक में अपर मुख्य सचिव (गृह) आमिर सुबहानी ने राज्य सरकार के सभी विभागों और पुलिस सहित स्थानीय प्रशासन के सभी अधिकारियों को 1 जुलाई से 31 जुलाई तक अनलॉक 2.0 के दिशा निर्देशों को कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करने का आदेश दिया है.

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि केंद्र सरकार राज्य सरकार को यह छूट दी है कि स्थिति का आकलन कर कंटेनमेंट जोन के बाहर अतिरिक्त गतिविधियों को राज्य सरकारें प्रतिबंधित भी कर सकती हैं या अतिरिक्त प्रतिबंध भी लगा सकती है. उन्होंने बताया कि बिहार में कोविड–19 से संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं. ऐसे में राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि केंद्र सराकर द्वारा 29 जून को जारी आदेश के सभी प्रावधानों साथ संपूर्ण बिहार में 31 जुलाई तक लागू रहेगा. अपर मुख्य सचिव गृह ने बताय कि सभी शॉपिंग मॉल और दुकानों पर ग्राहकों का मास्क पहनना अनिवार्य होगा. साथ ही वाहन चालकों के लिए भी मास्क का प्रयोग आवश्यक होगा.

अनलॉक 2.0 आज से शुरू

बता दें कि गृह मंत्रालय ने अनलॉक–2.0 की गाइडलाइंस जारी कर दी है. अनलॉक 2.0 आज 1 जुलाई 2020 से शुरू हो रहा है. इसके तहत सरकार ने पहले से प्रतिबंधित गतिविधियों और कंटेनमेंट जोन में जारी प्रतिबंधों को छोड़कर सभी तरह की गतिविधियों को मंजूरी दे दी है. हालांकि, अनलॉक के दूसरे चरण के बाद भी मास्क पहनना और सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा. अनलॉक के दूसरे चरण में रात में लगने वाले देशव्यापी कर्फ्यू का समय भी बदल दिया गया है. 1 जुलाई से रात्रि कर्फ्यू रात 10 बजे से शुरू होगा और सुबह 5 बजे खत्म होगा.

ऑनलाइन और डिस्टेंस लर्निंग जारी रहेगी


गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सभी जगहों पर 31 जुलाई 2020 तक स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे. ऑनलाइन और डिस्टेंस लर्निंग जारी रहेगी और इसे बढ़ावा दिया जाएगा. सभी तरह की अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्रा पर प्रतिबंध जारी रहेगा. मेट्रो सेवाएं बंद रहेंगी. सिनेमा हॉल, जिम, स्विमिंग पूल, एंटरटेनमेंट पार्क, थियेटर, बार, ऑडिटोरियम, एसेंबली हॉल और ऐसी सभी जगहें बंद रहेंगी. सभी तरह के सामाजिक, राजनैतिक, खेल, मनोरंजन, अकादमिक, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन पूरी तरह से बंद रहेंगे.

रात्रि कर्फ्यू का बदला समय

केंद्र सरकार ने अनलॉक 2.0 में रात के कर्फ्यू का समय भी बदल दिया है. अब रात में 10 बजे से सुबह 5 बजे तक कर्फ्यू रहेगा. इस कर्फ्यू के दौरान आपातकालीन सेवाओं से जुड़े लोग, जरूरी कामों से जुड़े लोगों, शिफ्टों में काम करने वालों, राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा सामान लाने ले जाने वालों, खाली और भरे हुए कार्गो, बस, ट्रेन या हवाई जहाज से यात्रा कर अपने गंतव्य को जाने वाले लोगों को छोड़कर सभी की आवाजाही पर पाबंदी रहेगी.

कंटेनमेंट जोन में सख्त रहेगा लॉकडाउन

केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों में कहा गया है कि कंटेनमेंट जोन में 31 जुलाई 2020 तक लॉकडाउन जारी रहेगा. कंटेनमेंट जोन को जिला प्रशासन तय करेगा और यहां स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन किया जाएगा. इन कंटेनमेंट जोन को जिला कलेक्टरों द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा. कंटेनमेंट जोन में सिर्फ जरूरी कामों की अनुमति होगी. लोगों की आवाजाही को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे. सिर्फ मेडिकल इमरजेंसी के केस और जरूरी सामानों की आपूर्ति को ही मंजूरी दी जाएगी.













युवराज मीडिया एंड एंटरटेनमेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरू होगी ।

निर्माता: 9471005272




Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830